# व्यवस्थागत संवेदनहीनता ने ले ली ट्रेन से गिरे युवक की जान

## सूचना के 3 घंटे बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 सितंबर. ट्रेन से गिरकर घायल युवक को यदि समय रहते उपचार की सुविधा मिल गई होती तो संभवतः उसे एक लावारिस की तरह जान नहीं गंवानी पड़ती. सीएचसी द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद भी 108 एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची. नतीजतन उपचार के आभाव में युवक ने दम तोड़ दिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना-मैहर रेल खण्ड पर उचेहरा रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे शुक्रवार की सुबह एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला. जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई. मौके पर पहुंचे डायल 122 वाहन द्वारा सुबह लगभग 10 बजे घायल युवक को उपचार के लिए उचेहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया गया. जहां पर ड्यूटी डॉक्टर अजीत यादव द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया. लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आगे के उपचार के लिए जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया. इतमना ही नहीं बल्कि सुबह 10 बजकर 49 मिनट पर 108 एंबुलेंस को फोन कर सूचना भी दे दी गई. लेकिन इसके बावजूद तीन घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी एंबुलेंस वहां नहीं पहुंची. नतीजतन दोपहर लगभग ढाई बजे घायल युवक ने दम तोड़ दिया. इतना ही नहीं बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का अंदाजा इस बात से भसी लगाया जा सकता है कि इस मामले में पोस्टमार्टम कराए जाने को लेकर पुलिस द्वारा भी कोई सक्रियता नहीं दिखाई गई. जिसके चलते शाम के 5 बजे तक युवक का शव स्वाथ्य केंद्र के बाहर स्ट्रेचर पर ही पड़ा रहा.





### पहचान के प्रयास जारी

उपचार के आभाव में दम तोड़ने वाले युवक के साथ कोई और नहीं था. गंभीर तौर पर चोटिल होने के कारण वह कुछ भी बोल पाने में अक्षम बना रहा. इतना ही नहीं उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज भी नहीं मिला जिससे उसकी पहचान होक सके. फिलहाल शव को स्वास्थ्य केंद्र की मर्चुरी में रखवाने के बाद पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

# कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

## विद्युत न्यायालय ने वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 सितंबर. न्यायलयीन कार्य में अपने दायित्व के प्रति उदासीनता दिखाए जाने पर विशेष न्यायाधीश विद्युत नागौद सदाशिव दांगौड़े के न्यायालय द्वारा कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने के निर्देश विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक को दिए गए हैं.**

विशेष न्यायाधीश विद्युत नागौद के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में अभियुक्त अर्जुन कुम्हार के अधिवक्ता द्वारा जमानत का आवेदन दिया गया था. मप्र यह प्रकरण अभियुक्त अर्जुन विरुद्ध पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड का है. इस मामले में न्यायालय द्वारा शुक्रवार का दिन नियत करते हुए प्रतिवेदन मांगा गया था. लेकिन विद्युत वितरण केंद्र बिहटा में पदस्थ कनिष्ठ यंत्रीसतीश पटेल द्वारा अभियुक्त को जमानत का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एक दिन पहले ही जमानत के संबंध में प्रतिवेदन अभियुक्त के अधिवक्ता को दे दिया गया था. जिसे वितरण कंपनी की ओर से प्रस्तुत न किए जाने पर न्यायालय द्वारा आरोपी के अधिवक्ता को प्रतिवेदन मूलतः वापस कर दिया गया था. जिसके बाद कनिष्ठ अभियंता को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया. लेकिन इसके बावजूद भी कनिष्ठ अभियंता द्वारा लगातार न्यायालय के आदेश की उपेक्षा की जाती रही. कनिष्ठ अभियंता ने न तो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और न ही संतोषजनक उत्तर दिया. जिसे देखते हुए कनिष्ठ अभियंता सतीश पटेल द्वारा न्यायालय के आदेश की अनदेखी करने पर न्यायालय द्वारा प्रबंध संचालक मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को कनिष्ठ यंत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया है.

### वन परिवार ने शहीद वनकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**सतना, 12 सितम्बर.** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच सतना द्वारा वन विभाग में कार्य के दौरान शहीद हुए वनकर्मियों का बीसवां शहीद दिवस मना कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ वन मंडल अधिकारी सतना के द्वारा शहीदो के याद में वृक्ष लगाया गया । कार्यक्रम में रेंजर सतना सुभम दुबे ,मंच के सक्रिय सदस्य शालू शुक्ला, ऑपरेटर यंग बहादुर , पुशपेन्द सिंह ,मुकेश कुमार पांडे ,दिलीप कुमार निगम ,बृजेंद्र मिश्रा, रामायण पटेल ,अनिल मांझी ,उत्तम सिंह ,संजय प्रजापति वाहन चालक विनोद पांडे ,वाहन चालक मझगवां यादवेंद्र द्विवेदी ,बाल्मीकी कोल , अर्जुन सिंह ,सत्येंद्र शुक्ला ,कामता मिश्रा ,अजय रैकवार ,अजय शुक्ला, बृजलाल यादव आदि रहे.

# चाकू मारकर हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- मझगवां के देवलहा में हुई थी घटना

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 सितंबर. जिले के मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत देवलहा में तीन दिन पहले चाकू मार कर हत्या किए जाने की घटना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में शामिल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को ही दबोच लिया था.**

मझगवां के ग्राम देवलहा में 9 सितंबर की शाम गुड्डा मवासी नामक व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या किए जाने की घटना सामने आई थी. मृतक की पत्नी पूनम मवासी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी. पुलिस द्वारा की जा रही तलाया के दौरान यह जानकारी सामने आई कि संदिग्ध मोटरसाइकिल से 3 लोगों को मझगवां की ओर जाते देखा गया है. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद ली गई. प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने गुरुवार को पिण्डरा बांध तालाब की मेड़ से आरोपी कंस कुमार मवासी 33 वर्ष और शिवशंकर मवासी 34 वर्ष दोनों निवासी मडुलहाई बरौंधा को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया था. इसके साथ ही मुख्य आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी. वहीं मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी रामनरेश मवासी उम्र 27 वर्ष निवासी हरदीकोठार को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया.



### गलत थी नियत

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी रामनरेश मवासी ने बताया कि मृतक गुड्डा मवासी उसका साढ़ू था. लेकिन उसकी पत्नी के साथ गुड्डा मवासी गलत नियत रखता था. इसके साथ ही गुड्डा मवासी ने उससे पैसे उधार लिए थे. जिन्हें वह लौटा नहीं रहा था. जिसे देखते हुए उसने चाकू घोंपकर गुड्डा की हत्या कर दी.

# अमरपाटन में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

## कमरे में फंदे पर लटका मिला शव, जांच कर रही पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 सितम्बर. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में सतना रोड पर स्थित राजा मैरिज गार्डन के पास नीट की तैयारी करने वाले 19 वर्षीय छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। छात्र ने आत्महत्या करने के पहले सुसाईड भी छोड़ा है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।**

### पुलिस को मिला सुसाइड नोट

घटना की जानकारी मिलने पर जांच करने पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट मिला जिसमें यह लिखा पाया गया कि मुझे अनवॉण्टेड थॉट्स आ रहे हैं। दिमाग फट रहा है। एंग्जाइटी की प्रॉब्लम है। मन में सुसाइड थॉट्स आ रहे हैं। अब जिंदगी अच्छी नहीं लग रही। सॉरी मम्मी-पापा। मुझे माफ करना। आप सब लोग अपना ख्याल रखना। मुझे तो मेरे सबकॉन्शस माइंड ने जीते जी मार दिया। बाय मम्मी-पापा। मैं आप लोगों की ख्वाहिश पूरी नहीं कर पाया। दादी का ध्यान रखना। उन्हें शुगर है। आप लोग अपना ध्यान रखना। मेरी आत्महत्या में किसी का कोई दोष नहीं है।



मैहर जिले के अमरपाटन में नीट की तैयारी कर रहे 19 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। अमरपाटन थाना पुलिस के अनुसार, मृतक छात्र की पहचान स्वयम चौधरी के रूप में हुई। वह अमरपाटन निवासी ओम प्रकाश चौधरी का बेटा था। स्वयम अमरपाटन-सतना रोड स्थित राजा मैरिज गार्डन के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार को उसने अपने कमरे में पंखे से चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान यह सामने आया है कि स्वयम ने आत्महत्या से पहले गूगल पर कई बार आत्महत्या कैसे की जाए सर्च किया था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और फिर उसे परिजनों को सौंप दिया। पिता की सतना रोड पर ही कम्प्यूटर की दुकान है।

### जन्मदिन नहीं मनाया

पुलिस के मुताबिक, स्वयम का 10 सितंबर को जन्मदिन था। इस बार उसने जन्मदिन नहीं मनाया था। पिता का नाम ओम प्रकाश गुप्ता और मां का नाम मीनाक्षी गुप्ता है। मीनाक्षी अमरपाटन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं। आठ साल पहले ओमप्रकाश से तलाक के बाद मीनाक्षी स्वयम के साथ दूसरे पति जितेंद्र आर्यन के साथ रहती थीं। स्वयम 12वीं पास कर चुका था। उसका अंतिम संस्कार प्रयागराज में होगा। वहीं सूचना मिलने के बाद पिता ओम प्रकाश सतना से पहुंचे।

# 15 वर्ष बाद दबोचा गया फरार आरोपी

## दर्ज हैं हत्या का प्रयास व अपहरण जैसे गंभीर प्रकरण

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 सितंबर. हत्या का प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट और एडी एक्ट जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज होने के बाद भी आरोपी पिछले 15 वर्ष से पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहा. वहीं शुक्रवार को अचानक ही पुलिस ने उक्त आरोपी की गिरफ्तारी दिखा दी.**

जिले के मझगवां थाना प्रभारी से आदित्य नारायण धुर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहगंज उप्र के ग्राम गोबरी के निवासी शुकलू सिंह गोंड उर्फ राकेश पिता दादूलाल उम्र 42 वर्ष को पुलिस टीम ने ग्राम गोबरी से गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट और एडी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज थे. वह पिछले 15 वर्ष से फरार चल रहा था. जिसे देखते हुए विशेष न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था. पुलिस द्वारा किए जाने वाले दावों की मानें तो आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी. स्थानीय स्तर पर सूत्रों के माध्यम से जानकारी संकलित करने के साथ ही तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए स्थायी वारंटी को पकड़ने में सफलता मिल गई.

गौरतलब है कि आरोपी ने वर्ष 2011 में मझगवां थाना क्षेत्र के हिरौंदी से अपहरण की घटना को अंजाम दिया था. उक्त मामले में तत्कालीन आईजी रीवा जाने गाजीराम मीणा और सतना एसपी हरि सिंह यादव की अगुआई में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए अपहृत को छुड़ा लिया गया था.



# महापौर ने की स्वास्थ्य शाखा के कार्यों की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 सितम्बर. महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर की समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महापौर कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली।**

बैठक के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था, रोग नियंत्रण, शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि हमारा दृढ़ संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो तथा नगर निगम की सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न आने पाए।

इस अवसर पर नगर निगम डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# केन्द्रीय जेल में विधिक शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सतना,12 सितम्बर. केन्द्रीय जेल सतना में शुक्रवार को विकास भटेले जिला न्यायाधीश, मानवेन्द्र प्रताप सिंह जिला न्यायाधीश एवं अजय प्रताप सिंह यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सतना के आतिथ्य तथा श्रीमती लीना कोष्टा, जेल अधीक्षक के समन्वयन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

न्यायाधीशों द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से बंदियों के विधिक अधिकारों, प्ली-बार्गेनिंग, मूल अधिकारों, जमानत, अपील व निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में बंदियों को अवगत कराया गया साथ ही बंदियों की विधिक संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून एवं जेल स्टॉफ व बंदीगण उपस्थित रहे।



## एक नजर में





### स्काउट गाइड भवन में हुई संस्था प्रधान संगोष्ठी

**सतना।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सतना के तत्वावधान में एकदिवसीय संस्था प्रधान संगोष्ठी का आयोजन स्काउट गाइड भवन धवारी में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव एवं आलोक सिंह जिला योजना अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई । इस अवसर पर प्रवेंद्र गौतम जिला सचिव स्काउट , विश्वनाथ मिश्र जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं महेश तिवारी जनसंपर्क स्काउट गाइड प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

### करोसिया को प्रचार मंत्री बनाये जाने पर हर्ष




**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा के जिला सचिव वीरेन्द्र सिंह द्वारा जिला कार्यकारिणी में लक्ष्मी प्रसाद करोसिया जिला जन सम्पर्क कार्यालय को प्रचार मंत्री बनाये जाने पर कार्यालयीन कर्मचारियों राजबिहारी पटेल, संतलाल कुशवाहा, गोमती प्रसाद अहिरवार, समयलाल पाण्डेय, शिवाजी चौधरी, मंगूलाल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा बधाई देते हुए श्री करोसिया के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### पितृ तर्पण सनातन संस्कृति का प्रमुख अंग : गौतम



**सतना,** ।पितृपक्ष के अवसर पर भारत नगर स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार 12 सितंबर को गीता संगोष्ठी पर पितृ तर्पण विषय पर व्याख्यान माला संपन्न हुई। संगोष्ठी में आचार्य आनंद प्रकाश गौतम ने पितरों की वैज्ञानिक अवधारणा व सनातन संस्कृति में मानव जीवन में पितरों से आशीर्वाद प्राप्ति के लिए श्राद्ध के महत्व पर सार्थक विश्लेषण किया। बिरला विकास अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर एसके माहेश्वरी ने गीता के विभिन्न उद्धरणों द्वारा पितरो आध्यात्म व संस्कृति की व्याख्या की।

### रुपाली का चयन रिलायंस न्यू एनर्जी में



**सतना।** ए.के.एस. विश्वविद्यालय सतना एक बार फिर गर्वित हुआ है। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख श्री बालेंद्र विश्वकर्मा के कुशल मार्गदर्शन और सतत् प्रयासों का परिणाम है कि एम.बी.ए. (मानव संसाधन) की छात्रा रुपाली मिश्रा (सत्र 2025) का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड (अंडर क्रेस लिमिटेड) में हुआ है।

### स्व. कौशलेन्द्र सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का कल

**सतना।** स्व. कौशलेन्द्र सिंह (रिकू) के असामयिक निधन पर उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। स्व. कौशलेन्द्र सिंह का स्वर्गवास 6 सितंबर 2025 को हो गया था। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 14 सितंबर रविवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक फोनिक्स मैरिज गार्डन, सतना-रीवा बाईपास रोड, सगौनी रामपुर बाघेलान में किया जाएगा।



# गांव-गांव तक पहुंच रही बुनियादी सुविधाएं : गणेश

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 सितम्बर. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद से देश और गांवों में बदलाव शुरू हुआ है। उन्होंने कहा, 2014 के बाद और इससे पहले जब अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे तब से भारत के गांव बदलने लगे।**

आज गांव-गांव पक्की सड़कों से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्कूल, अस्पताल, पीने का पानी, सिंचाई और अन्य बुनियादी सुविधाएं गांवों तक पहुंच रही हैं।

सांसद ने आगे कहा, आज उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण इसी सोच का हिस्सा है। घाट के नीचे के गांव अब स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नहीं रहेंगे। गरीब आदमी की मूलभूत जरूरतें जैसे घर, भोजन, बिजली, शिक्षा, इलाज और शौचालय अब पूरी हो रही हैं। इसके साथ अन्य कामों में महिलाओं की सहभागिता हो ये सारी चीजें आज हो रही हैं। किसान की आमदनी बढ़े लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने महिलाओं की सशक्तिकरण योजनाओं, जैसे लाडली बहना योजना, और किसानों की आय ब?ने के प्रयासों का भी जिक्र किया। सांसद ने युवाओं के लिए स्टार्टअप और बिना ब्याज के ऋ़ण की सुविधा मिल रही है। आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज हो रहा है इसी कड़ी में एक कदम और बढ़ाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गंभीर बिमार व्यक्ति को हवाई जहाज के जरिए अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। संबल कार्ड, पेंशन और रसोई गैस कनेक्शन जैसी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है।



# जीएसटी कम करने सांसद को ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 सितम्बर. भारत सरकार द्वारा जी एस टी काउंसिल में लिये गये निर्णय में प्रिंटिंग एवं कागज़ को 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत स्लैब में शिफ्ट करने का विरोध करते हुए इसे 5त्न स्लैब में लाने की मांग को लेकर प्रिंटर्स एसोसिएशन सतना द्वारा देश की वित्त मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सांसद गणेश सिंह को सौंपा गया.**

इसी संबंध में संस्था द्वारा कलेक्टर सतना के माध्यम से भी एक मांग पत्र भेजा गया है इस मौके पर प्रिंटर्स एसोसिएशन के संरक्षक के.जी. गुप्ता, अध्यक्ष संजय शाह, सचिव संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुधाकर जैन, मार्गदर्शक डॉ श्रीराम मिश्रा, अरविंद सिंह निराला, अनिल पांडे, गोपाल धूत, रोहित जैन, श्री राम अग्रवाल, आशीष माहेश्वरी, श्रीपाल जैन, भोले गर्ग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

# जिला बारात घर एसोसिएशन ने चेम्बर की सदस्यता के लिए दिया आवेदन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 सितम्बर. जिला बारात घर एसोसिएशन ने आज विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना की सदस्यता हेतु चेम्बर भवन पहुंच कर चेम्बर पदाधिकारियों को आवेदन दिया।**

चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि चेम्बर की सदस्यता ग्रहण करने से जिला बारात घर एसोसिएशन को व्यापारिक अवसरों का लाभ मिलेगा और वे चेम्बर के माध्यम से सरकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने कहा कि हमें जिला बारात घर एसोसिएशन का चेम्बर में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप कुमार जैन,कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु सिंह अरोरा ,सतना जिला बारात घर एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन अग्रवाल, मंत्री विनोद तिवारी, सतीश गुप्ता, मो. वसीम, शिवकुमार दादा, छवी गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, राहुल त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अपना सपना हरा भरा सतना अभियान अंतर्गत हुआ पौधा रोपण

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 सितंबर ।डॉ राकेश मिश्रा अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र द्वारा समाज में जन जागृति के माध्यम से धरती को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से अपना सपना हरा भरा सतना अभियान चलाया जा रहा है।**

पितृपक्ष पर नौगॉव के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मोतीलाल वर्मा एवं श्रीमती माधुरी वर्मा द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में सात वृक्ष रोपित करने का संकल्प लिया था। जिसे अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास धावरी कलेक्ट्रेट के सामने सेवा न्यास के माध्यम से न्यास कार्यकर्ताओ एवं छात्रों ने सबसे ज्यादा ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पीपल बट वृक्ष व अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया। सेवा न्यास के कार्यकर्ता राजीव व्यास ने कहा कि पितृपक्ष में हमें अपने पूर्वजों की पुण्य स्थिति में पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए क्योंकि ऐसा कहा गया है कि एक पौधा रोपण करने उसकी सेवा करने में वही पुण्य की प्राप्ति होती है जो की 10 पुत्रों की सेवा करने और उसे पालन पोषण करने में पुण्य की प्राप्ति होती है इसलिए हम सबको पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए जिससे वातावरण शुद्ध होता है साथ ही हमें पुण्य की भी प्राप्ति होती है।

पौधारोपण में प्रमुख रूप से राजीव व्यास, अजय मिश्रा, विजय सिंह पटेल, सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू एवं छात्रावास के छात्र व सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

